# हमारे घर श्याम आये है

देखो नीले पे होके सवार,
हमारे घर श्याम आये है,
हम भक्तों की सुनके पुकार,
हमारे घर श्याम आये हैं,
हमारे घर श्याम आये हैं.....

अपने प्रभु के चरण मैं धोऊं,
भर भर नैना असुवन रोऊँ,
तूने किरपा की करी बरसात,
तूने किरपा की करी बरसात,
की चाँद तारे मुस्काए है,
हमारे घर श्याम आये हैं,
हम भक्तों की सुनके पुकार,
हमारे घर श्याम आये हैं.....

उलझन मन में क्या तुझको खिलाऊं,
रुखा सुखा भोग लगाऊं,
कर सेवा हमारी स्वीकार,
कर सेवा हमारी स्वीकार,
कुछ नहीं कर पाए है,
हमारे घर श्याम आये हैं,
हम भक्तों की सुनके पुकार,
हमारे घर श्याम आये हैं.......

एक तरफ लागे लखदातारी,
दूजी ओर तू बांके बिहारी,
अब मुरली सुना के मेरे नाथ,
अब मुरली सुना के मेरे नाथ,
की मोर छड़ी लहराए है,
हमारे घर श्याम आये हैं,
हम भक्तों की सुनके पुकार,
हमारे घर श्याम आये हैं......

देखो नीले पे होके सवार,
हमारे घर श्याम आये है,
हम भक्तों की सुनके पुकार,
हमारे घर श्याम आये हैं,
हमारे घर श्याम आये हैं.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29563/title/humare-ghar-shyam-aaye-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |